MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION

// UNIVERSITY LIBRARY //

-: NEWS CLIPPING SERVICE -:

DATE:24 MARCH 2026

एमसीयू में खेल व सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं की शुरुआत

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल : माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में वार्षिकोत्सव 'प्रतिभा' के अंतर्गत चौथे दिन सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ खेल प्रतियोगिताओं का भी शुभारंभ हुआ।

विश्वविद्यालय के बिशनखेड़ी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न विधाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता से हुई, जिसमें स्किल इंडिया,महिला आरक्षण और न्यूज बनाम व्यूज जैसे समसामयिक विषयों पर प्रतिभागियों ने अपने विचार रखे। वाद-विवाद प्रतियोगिता में 'क्या डिजिटल शिक्षा पारंपरिक शिक्षा का स्थान ले सकती है' विषय पर पक्ष-विपक्ष में तर्क प्रस्तुत किए गए। इसके अलावा फोटोग्राफी, कार्टून निर्माण, वेबसाइट डिजाइनिंग, रेडियो कार्यक्रम निर्माण और पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन सहित कुल सात विधाओं में विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। खेल प्रतियोगिताओं का शुभारंभ बालिका वॉलीबॉल से हुआ, जिसमें पहली बार छात्राओं ने भाग लिया। रोमांचक मुकाबले में पत्रकारिता विभाम ने इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विभाग को हराया।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DANIK NAIDUNIYA'24 MARCH.2026

एमसीयू में शब्दों की धार व मैदान की रफ्तार का दिखा अनूठा मेल

जागरण, भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता विवि के बिशनखेड़ी परिसर में इन दिनों प्रतिभा-2026 की धूम है, जहां चौथे दिन शब्दों की धार और मैदान की रफ्तार का अनूठा मेल देखने को मिला। आयोजन की शुरुआत तात्कालिक भाषण और वाद-विवाद प्रतियोगिता से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने 'डिजिटल बनाम पारंपरिक शिक्षा' और 'न्यूज बनाम व्यूज' जैसे गंभीर विषयों पर अपनी वाकपटुता का लोहा मनवाया। रचनात्मकता का आलम यह था कि एक तरफ कार्टून निर्माण में कला के रंग दिखे, तो दूसरी ओर 'प्राकृति के रंग माखनपुरम के संग' थीम पर फोटोग्राफर्स ने परिसर की खूबसूरती को कैमरों में कैद किया। तकनीकी कौशल के लिए वेबसाइट डिजाइनिंग और पीपीटी प्रेजेंटेशन जैसी सात विधाओं में मुकाबला हुआ, जबकि रेडियो लवर्स ने 'अभ्युदय मध्यप्रदेश' विषय पर अपनी आवाज का जादू बिखेरा। सांस्कृतिक मंच के साथ-साथ अब मैदानों पर भी पसीना बहने लगा है। इस बार का खास आकर्षण पहली बार आयोजित हुई महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता रही, जिसका उद्घाटन कुलगुरु ने नर्मदा बालिका हॉस्टल के नए कोर्ट पर किया। रोमांचक मुकाबले में पत्रकारिता विभाग की छात्राओं ने बाजी मारी। उधर, क्रिकेट की पिच पर भी चौके-छक्कों की बरसात हुई, जहां कंप्यूटर विभाग और पत्रकारिता विभाग ने अपने-अपने मैच जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'DANIK JAGRAN'24 MARCH.2026

एमसीयू में शुरू हुई खेल प्रतियोगिताएं

भोपाल। एमसीयू में वार्षिकोत्सव प्रतिभा-2026 का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को चौथे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ खेलकूल की प्रतिस्पर्धाएं शुरू हुई। विश्वविद्यालय परिसर में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता से शुरुआत हुई। इसमें स्किल इंडिया, मीडिया का बदलता स्वरूप, महिला आरक्षण, जैसे विषयों पर प्रतिभागियों ने विचार रखे।

NEWS CLIPPING SERVICE FROM 'MCNUJC LIBRARY
'PEOPALS SAMACHAR'24 MARCH.2026